
# राजस्थान बोर्ड की तैयारी के लिए आज ही हमारे YouTube चैनल Board Zone और Website BoardZone.in से जुड़ें।




- Chapter-wise PYQ
- Handwritten Notes
- MCQ
- Blue Print
- Model Paper
- Strategy
- etc

WHATSAPP YOUTUBE INSTAGRAM

921-6765-400

**www.boardzone.in**

Contact us : contact@boardzone.in

अनुक्रमांक (अंकों में) / Roll No. (in figures) :

अनुक्रमांक (शब्दों में) / Roll No. (in words) :

[कुल प्रश्नों की संख्या : 13] [Total No. of Questions: 13]
[कुल मुद्रित पृष्ठ : 04] [Total No. of Printed Pages : 04]

[समय : 3.15 घंटे] [Time: 3.15 Hours]
[पूर्णांक : 70] [Maximum Marks : 70]

# कक्षा 10वीं अर्द्ध वार्षिक परीक्षा, 2024–25
# Class 10th Half Yearly Examination, 2024-25
# हिन्दी / HINDI

## [ 1001 ]

*सामान्य अनुदेश :*

1) परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसका अंक भार अंकित है।

***General Instructions :***

1) Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2) Marks for every question are indicated alongside.

निर्देश – परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।

(2) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।

(3) प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं।

### खण्ड – 'अ'

प्र.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

जीवन को सुचारू रूप से चलाने के लिए जिन तत्त्वों की आवश्यकता है, उनको प्राप्त करना ही शिक्षा का उद्देश्य होना चाहिए। शिक्षा मानव जीवन के लिए वैसी ही है जैसे संगमरमर के टुकड़े के लिए शिल्पकला। फलतः शिक्षा केवल ज्ञान–दान ही नहीं करती अपितु संस्कार और सुरुचि के अंकुरों का पोषण भी करती है। वस्तुतः अपने को जीवित रखने के लिए अपने वातावरण तथा उसकी सापेक्षता में निज को समझ कर जीवन के अनुकूल कार्यों को करना और प्रतिकूल का निवारण ही शिक्षा का उद्देश्य है। शिक्षा मनुष्य को संस्कारबद्ध कर उसे मानवीय गुणों से विभूषित करती है साथ ही स्वाभिमान से जीना सिखाने में सहायता कर मनुष्य को प्रगति के पथ पर अग्रसर करती है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए – (1)

(अ) शिक्षा का उद्देश्य (ब) जीवन जीने की कला
(स) स्वाभिमान (द) शिल्पकला

(ii) शिक्षा मनुष्य को बनाती है – (1)

(अ) संस्कारबद्ध (ब) मानवीय गुणों से विभूषित
(स) स्वाभिमान से जीना (द) उपर्युक्त सभी

(iii) शिक्षा का उद्देश्य है – (1)

(अ) मानवता का विकास (ब) दानवता का विकास
(स) जीवन जीने की कला सिखाना (द) सद्गुणों का ज्ञान

(iv) मनुष्य को प्रगति के पथ पर अग्रसर करती है – (1)

(अ) शिक्षा (ब) शिल्पकला
(स) संस्कार (द) वातावरण

प्र.2 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

लड़कियाँ खिलखिलाती हैं तेज धूप में,
लड़कियाँ खिलखिलाती हैं तेज बारिश में,
लड़कियाँ हँसती हैं हर मौसम में।
लड़कियाँ पिता के बाद संभालती हैं
पिता के पिता से मिली दुकान,
लड़कियाँ वारिस हैं पिता की।
लड़कियों ने समेट लिया माँ को पिता के बाद,
लड़कियाँ होती हैं माँ।
दुकान पर बैठ लड़कियाँ
सुनती हैं पूर्वजों की प्रतिध्वनियाँ
उदास गीतों में वे ढूंढ़ लेती हैं जीवन राग,
धूप में, बारिश में, हर मौसम में
खिलखिलाती हैं लड़कियाँ।

(i) लड़कियाँ खिलखिलाती हैं – (1)
(अ) तेज धूप में (ब) तेज बारिश में
(स) कड़ाके की ठण्ड में (द) उपर्युक्त सभी

(ii) पिता के जाने के बाद माँ को किसने संभाला? (1)
(अ) पुत्र ने (ब) पिता ने
(स) बेटी ने (द) परिवार वालों ने

(iii) लड़कियों को दुकान किससे मिली? (1)
(अ) पिता से (ब) माँ से
(स) समाज से (द) किसी से नहीं

(iv) उपर्युक्त पद्यांश में लड़कियों को बताया गया है – (1)
(अ) खुलकर जीने वाली (ब) दुःखी रहने वाली
(स) हमेशा रोने वाली (द) कमजोर

## भाग – 'ब'

प्र.3 संकेत – बिंदुओं के आधार पर निम्न में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए – लगभग 300 शब्दों में – (5)

(i) विद्यार्थी जीवन और खेलकूद –
(अ) प्रस्तावना (ब) खेलकूद का महत्त्व
(स) खेल और स्वास्थ्य (द) अन्य लाभ

(ii) भ्रष्टाचार –
(अ) प्रस्तावना (ब) भ्रष्टाचार के कारण
(स) भ्रष्टाचार रोकने के उपाय (द) उपसंहार

(iii) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ –
(अ) प्रस्तावना (ब) कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम हेतु प्रयास
(स) बेटियों को बचाने में शिक्षा का महत्त्व (द) उपसंहार

प्र.4 स्वयं को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जयपुर का छात्र मनोज मानते हुए अपने प्रधानाचार्य को खेल–मैदान की सफाई करवाने हेतु एक प्रार्थना–पत्र लिखिए। (4)

**अथवा**

स्वयं को रजतनगर, बीकानेर निवासी मानते हुए अपने मित्र को शैक्षणिक भ्रमण के बारे में बताने हेतु एक पत्र लिखिए।

प्र.5 अंगदान को प्रोत्साहन देने हेतु एक विज्ञापन लिखिए। (25–30 शब्दों में) (4)

**अथवा**

अचार व पापड़ की बिक्री हेतु एक विज्ञापन तैयार कीजिए।


BOARD ZONE

## भाग – 'स'

**प्र.6 बहुचयनात्मक प्रश्न – (प्रत्येक प्रश्न 1 अंक)**

(i) 'औपचारिक' शब्द में प्रत्यय है – (1)

(अ) उपचार (ब) औ (स) इक (द) क

(ii) 'सप्तर्षि' शब्द में समास है – (1)

(अ) द्वन्द्व (ब) द्विगु (स) अव्ययीभाव (द) बहुव्रीहि

(iii) बड़भागी किसे कहा गया है? (1)

(अ) गोपियों को (ब) श्रीकृष्ण को (स) उद्धव को (द) नन्द को

(iv) "रे नृपबालक कालबस बोलत" पंक्ति में नृपबालक किसे कहा गया है? (1)

(अ) राम को (ब) लक्ष्मण को (स) विश्वामित्र को (द) परशुराम को

(v) 'आभा' शब्द का अर्थ है – (1)

(अ) चमक (ब) रोशनी (स) सौंदर्य (द) बादल

(vi) 'नेताजी का चश्मा' पाठ के लेखक हैं – (1)

(अ) बालगोबिन भगत (ब) यशपाल (स) स्वयं प्रकाश (द) यतींद्र मिश्र

(vii) संगति के लिए उत्साह किसने नहीं दिखाया? (1)

(अ) नवाब साहब ने (ब) यशपाल ने (स) पैसेंजर ने (द) खीरा बेचने वाले ने

(viii) मन्नु–भंडारी कितने भाई–बहिनों में सबसे छोटी थीं? (1)

(अ) चार (ब) पांच (स) तीन (द) दो

(ix) 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के लेखक हैं – (1)

(अ) शिवपूजन सहाय (ब) मधु कांकरिया (स) अज्ञेय (द) यशपाल

**प्र.7 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –**

(i) 'रमेश' शब्द ................................................ संज्ञा है। (1)

(ii) <u>वह</u> जा रहा है? रेखांकित शब्द ........................................ सर्वनाम है। (1)

(iii) कोयल मीठा गाती है। वाक्य में ........................................ विशेषण है। (1)

(iv) जिस वाक्य में क्रिया के साथ कर्म का प्रयोग हो, उसे .................. क्रिया कहते हैं। (1)

**प्र.8 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

लेकिन आदत से मजबूर आँखें चौराहा आते ही मूर्ति की तरफ उठ गईं। कुछ ऐसा देखा कि चीखे, रोको! जीप स्पीड में थी, ड्राइवर ने ज़ोर से ब्रेक मारे। रास्ता चलते लोग देखने लगे। जीप रुकते–न–रुकते हालदार साहब जीप से कूदकर तेज़–तेज़ कदमों से मूर्ति की तरफ लपके और उसके ठीक सामने जाकर अटेंशन में खड़े हो गए। मूर्ति की आँखों पर सरकंडे से बना छोटा–सा चश्मा रखा हुआ था, जैसा बच्चे बना लेते हैं। हालदार साहब भावुक हैं। इतनी–सी बात पर उनकी आँखें भर आईं। https://www.rajasthanboard.com

(1) उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है? (1)

(2) हालदार साहब किस आदत से मजबूर थे? (1)

(3) हालदार साहब भावुक क्यों हो गए? (1)

(4) मूर्ति पर किससे बना चश्मा रखा था? (1)

**<u>अथवा</u>**

लखनऊ स्टेशन पर खीरा बेचने वाले खीरे के इस्तेमाल का तरीका जानते हैं। ग्राहक के लिए जीरा – मिला नमक और पिसी हुई लाल मिर्च की पुड़िया भी हाजिर कर देते हैं। नवाब साहब ने बहुत करीने से खीरे की फाँकों पर जीरा – मिला नमक और लाल मिर्च की सुर्खी बुरक दी।

(i) खीरे के इस्तेमाल का तरीका कौन जानते हैं? (1)

(ii) नवाब साहब ने क्या तैयारी की? (1)

(iii) नवाब साहब जीरा – मिला नमक और लाल मिर्च कहाँ से लाए? (1)

(iv) इस्तेमाल शब्द का अर्थ बताइए। (1)

प्र.9 **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

ऊधौ, तुम हौ अति बड़भागी।
अपरस रहत सनेह तगा तैं,
नाहिन मन अनुरागी।
पुरइनि पात रहत जल भीतर,
ता रस देह न दागी।
ज्यौं जल माहँ तेल की गागरि
बूँद न ताकौं लागी।

(i) उपर्युक्त पद्यांश के कवि कौन हैं? (1)
(ii) जल के भीतर कौन रहता है? (1)
(iii) जल की बूँद किस पर नहीं टिकती? (1)
(iv) ऊधौ को कैसा बताया गया है? (1)

**अथवा**

बादल, गरजो!
घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ!
ललित–ललित, काले घुँघराले,
बाल कल्पना के-से पाले,
विद्युत–छवि उर में, कवि, नवजीवन वाले!
वज्र छिपा, नूतन कविता
फिर भर दो
बादल, गरजो!

(i) कवि बादल से क्या करने का अनुरोध कर रहा है? (1)
(ii) पद्यांश के कवि का नाम बताइए। (1)
(iii) बादल किसका प्रतीक है? (1)
(iv) 'विद्युत–छवि उर में' पंक्ति में 'उर' शब्द से क्या तात्पर्य है? (1)

**भाग – 'द'**

प्र.10 **लघुत्तरात्मक प्रश्न – (उत्तर सीमा 40 शब्द)**

(i) स्मृति को 'पाथेय' बनाने से कवि का क्या आशय है? (2)
(ii) बच्चे की दंतुरित मुस्कान का कवि के मन पर क्या प्रभाव पड़ता है? (2)
(iii) बालगोबिन भगत की दिनचर्या लोगों के अचरज का कारण क्यों थी? (2)
(iv) शहनाई की दुनिया में डुमरांव को क्यों याद किया जाता है? (2)
(v) भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है? (2)
(vi) गंतोक को 'मेहनतकश बादशाहों का शहर' क्यों कहा गया है? (2)
(vii) 'कनखियों से देखना' मुहावरे का अर्थ लिखते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए। (2)

प्र.11 **दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न – (उत्तर सीमा 60 से 80 शब्द)**

(i) गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या होना चाहिए? (3)

**अथवा**

'आत्मकथ्य' कविता की काव्यभाषा की विशेषताएं उदाहरण सहित लिखिए।

(ii) "वो लँगड़ा क्या जाएगा फौज में। पागल है पागल!"
कैप्टन के प्रति पान वाले की इस टिप्पणी पर अपनी प्रतिक्रिया लिखिए। (3)

**अथवा**

लेखिका मन्नु भंडारी के व्यक्तित्व पर किन–किन व्यक्तियों का किस रूप में प्रभाव पड़ा? लिखिए।

प्र.12 **निम्न में से किसी एक रचनाकार का परिचय लिखिए – (उत्तर सीमा 100 शब्द)** (4)

(i) मंगलेश डबराल (ii) यशपाल

**निबंधात्मक प्रश्न –**

प्र.13 बच्चे माता–पिता के प्रति अपने प्रेम को कैसे अभिव्यक्त करते हैं? 'माता का अंचल' पाठ के आधार पर लिखिए। (4)


**अथवा**

'मैं क्यों लिखता हूँ?', पाठ के आधार पर बताइए कि लेखक को कौन–सी बातें लिखने के लिए प्रेरित करती हैं?

---

BOARD ZONE

# राजस्थान बोर्ड की तैयारी के लिए आज ही हमारे YouTube चैनल Board Zone और Website BoardZone.in से जुड़ें।




- Chapter-wise PYQ
- Handwritten Notes
- MCQ
- Blue Print
- Model Paper
- Strategy
- etc

WHATSAPP YOUTUBE INSTAGRAM

921-6765-400

**www.boardzone.in**

Contact us : contact@boardzone.in